आकाशवाणी शिमला
30.05.2026 / प्रादेशिक समाचार / 18:00बजे

अंतिम चरण

प्रदेश में पंचायतीराज संस्थाओं के तीसरे व अंतिम चरण के लिए मतदान आज शांतिपूर्ण सम्पन्न हो गया। तीसरे चरण के तहत प्रदेश की एक हजार एक सौ 89 पंचायतों में वोट डाले गए। राज्य निर्वाचन आयोग के मुताबिक तीसरे चरण में कुल 6 हज़ार 6 सौ 15 वार्डों में मतदान हुआ और इस समय प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्यों के मतों की गणना का कार्य चल रहा है। लाहौल स्पीति जिले के लाहौल विकासखंड की 10 ग्राम पंचायतों में तीसरे चरण के मतदान को लेकर लोगों में खासा उत्साह देख गया। मतदान कुल 69 दशमलव छः–शून्य प्रतिशत दर्ज किया गया।

उधर हमीरपुर जिला के बिझड़ीं ब्लॉक में 74 दशमलव नौ–छः प्रतिशत जबकि हमीरपुर ब्लॉक में 76 दशमलव दो–चार प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं मंडी जिला के करसोग विकासखंड में अतिम चरण में 82 दशमलव आठ–छः प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। पंचायती राज चुनाव के अंतिम चरण में मतदान प्रक्रिया को लेकर प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में युवा मतदाता जहां उत्साहित नजर आए वही बुजुर्ग मतदाता भी वोट डालने पहुंचे।

नड्डा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि प्रजातंत्र की मजबूती जनता की सहभागिता से ही संभव है और लोकतंत्र की मजबूती के लिए हर नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। वे आज अपने गृह जिला बिलासपुर के झंडुता विधानसभा क्षेत्र की विजयपुर सुंगला पंचायत चुनाव में मतदान करने के अवसर पर बोल रहे थे। नड्डा ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं लोकतंत्र की बुनियाद है और ग्रामीण विकास में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि मतदान के अधिकार के माध्यम से नागरिक अपने गांव, क्षेत्र और प्रदेश के विकास की दिशा तय करते हैं।

मतगणना

इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने जिला परिषद, पंचायत समिति सदस्यों और चार नगर निगमों धर्मशाला, पालमपुर, मंडी और सोलन में हुए चुनाव के मतों की गणना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। प्रदेश के 91 विकाखंडों में कल 31 मई को सुबह 9 बजे से मतगणना शुरू होगी। जिला परिषद वार्डों की मतगणना के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए कुछ स्थानों पर मतगणना की वैब कास्टिंग भी की जाएगी। जिला परिषद और पंचायत समितियों की मतगणना को लेकर सिरमौर जिला में सभी विकासखंड मुख्यालयों पर मतों की गिनती की जाएगी। सहायक निर्वाचन अधिकारी राजीव सांख्यान ने बताया कि नाहन में जिला परिषद के 2 वार्डों और 15 पंचायत समिति के वार्डो को गणना की जाएंगी। उन्होंने कहा कि पहले चरण में पंचायत समितियों की और उसके बाद जिला परिषद की मतगणना की जाएगी।

———————————————